# भाजपा : अम्बेडकर जयंती बूथ स्तर पर मनेगी

## बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला शिवपुरी की कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय कोठी नंबर 1 पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी नंदकिशोर नापित जी के मुख्य अतिथ्य में एवं जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी नंदकिशोर नापित ने कहा कि 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती भी बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मनाना हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने अपने जोशीले उद्बोधन में कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर यह कामकाजी बैठक हों रही हैं। बैठक में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान, पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष महा प्रशिक्षण अभियान, आजीवन सहयोग निधि किसानों के हितो पर पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री जाटव ने कहा की आज बैठक में भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्त्तायों के सहयोग से सभी मण्डलो में प्रशिक्षण वर्ग सफलता के साथ पूर्ण हुए हैं। मंच पर जिला प्रभारी नंदकिशोर नापित, जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे, प्रहलाद भारती, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर सिंह रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष नवाब सिंह कुशवाह, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष गगन खटीक, किसान मोर्चा के लोकपाल लोधी, जिला उपाध्यक्ष एवं अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम प्रभारी गोपाल पाल, मंचासीन थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री के पी परमार ने किया जबकि आजीवन सहयोग निधि की जानकारी महामंत्री लवलेश जैन ने दी।

आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष कपिल तिवारी ने किया। कामकाजी बैठक में जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, पूनम राजोरिया, हेमलता रावत, सालिक राम कुशवाहा भूपेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन, जिला मंत्री अवतार सिंह गुर्जर, धर्मेंद्र रावत, कार्यालय मंत्री हरिशंकर दुबे, मंडल पुरानी शिवपुरी अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, महामंत्री रितेश जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा शिवहरे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय कुशवाहा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष वीर सिंह सगर, निर्दोष गोयल, प्रशांत राठौर आदि मौजू रहे।

## ग्राम पंचायत सुरवाया में आज होगा ग्राम न्यायालय का आयोजन

**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायालय की बैठक आयोजित की जाती हैं। यह ग्राम न्यायालय ग्राम पंचायत भवनों में लगाए जाएगें। इसी क्रम में 13 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुरवाया में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।

न्यायाधिकारी जनपद पंचायत शिवपुरी जितेन्द्र मेहर ने बताया है कि ग्राम न्यायालय के लिए तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके तहत 13 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुरवाया, 27 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुभाषपुरा, 4 मई को ग्राम पंचायत सिरसौद, 11 मई को ग्राम पंचायत सतनवाड़ा, 15 जून को ग्राम पंचायत सुरवाया तथा 22 जून को ग्राम पंचायत सुभाषपुरा में ग्राम न्यायालय की बैठक होगी।

# अवैध शराब के खिलाफ बैराड़ पुलिस की कार्यवाही, 100 ली. कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार






**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बैराड़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

बैराड़ टीआई सुरेश शर्मा के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना बैराड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि खरई जालिम प्रतिक्षालय, झिरी भौराना रोड पर एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम वीरेन्द्र उर्फ वीरु परिहार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मकलीझरा थाना बैराड़ बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो प्लास्टिक केनों में भरी 100 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है। उक्त कार्रवाई में बैराड़ टीआई सुरेश शर्मा, प्र.आर. दुर्गाचरण, आर. अतरसिंह रावत, आर. गिर्राज त्यागी और चा.आर. मनीष परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलवाते आरोपी पकड़ा

**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई रोहित दुबे व्दारा टीम गठित की गयी और सूचना मिली कि एक व्यक्ति मटका पार्क के पास सट्टा खिलवा रहा है सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु फोर्स को मटका पार्क तरफ रवाना किया गया तो एक व्यक्ति खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे फोर्स व्दारा घेरकर पकडा जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अर्पित रावत पुत्र भारत सिंह रावत उम्र 25 साल नि. ग्राम पडोरा थाना कोलारस शिवपुरी का होना बताया का होना बताया आरोपी की तलाश ली गयी तो उसके कब्जे से एक वन प्लस कम्पनी का मोबाइल मिला जिसमें आईपीएल ऑनलाइन सट्टा खिलवाने की लिंक पायी गयी व 1500 रु. नगद जप्त हुये आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया बाद आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 256/26 धारा 4 सट्टा अधिनियम का दर्ज कर विवेचना में लिया गया कोतवाली पुलिस व्दारा इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली निरीक्षक रोहित दुबे, प्र.आर. संतोष बैस, आर. अजय यादव, आर. बृजेश जादौन की विशेष भूमिका रही।

# लाखों खर्च कर तैयार पानी की टंकी बनी शोपीस

## टंकी बनी, पाइप अधूरे, घरों तक नहीं पहुंचा पानी







**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 12 अप्रैल।** जनपद पंचायत पोहरी की ग्राम पंचायत उपसिल में जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई पानी की टंकी आज सिर्फ एक शोपीस बनकर रह गई है, जबकि ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

हैरानी की बात यह है कि टंकी का निर्माण हुए करीब दो साल बीत चुके हैं, लेकिन आज तक टंकी को पाइप लाइन से जोड़ा ही नहीं गया। पाइपों को जमीन से करीब चार फीट ऊपर अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे साफ जाहिर होता है कि काम सिर्फ दिखावे के लिए किया गया।

गांव में बिछाई गई पाइप लाइन भी घटिया निर्माण की गवाही दे रही है। पाइपों को सही तरीके से जमीन में नहीं दबाया गया, जिससे कई जगह लाइन फूट चुकी है। घरों तक दिए गए कनेक्शन भी महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। न टोंटी, न बेस, सिर्फ पाइप डालकर काम पूरा दिखा दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि दो साल में एक दिन भी टंकी से पानी सप्लाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार योजना का पैसा हजम कर गए और गांव को अधूरी व्यवस्था के भरोसे छोड़ दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बिना काम पूरे हुए भुगतान कैसे हो गया? क्या अधिकारियों ने बिना जांच किए ही फाइलों में सब कुछ 'पूर्ण' दिखा दिया?

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर कब तक चुप्पी साधे रहता है।

**इनका कहना है**

दो साल पहले टंकी बनी थी, गांव में सिर्फ पाइप बिछाए हैं न पाइपों में टोंटीं है न पानी आ रहा है,

**नाथी आदिवासी,** सरपंच

## परशुराम जयंती को लेकर हुई तैयारी बैठक




**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** परशुराम कल्याण बोर्ड शिवपुरी की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कृष्णपुरम के वार्ड क्रमांक 10 में पंडित अशोक कुमार शर्मा के निज निवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला संरक्षक पंडित कुंज बिहारी पाराशर ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया को भगवान् परशुराम के प्रकटोउत्सव पर जयंती उत्सव 20 अप्रैल 26 को प्रात: 8 बजे श्री राम जानकी तुलसी आश्रम बड़े हनुमान मंदिर कत्था मिल के परशुराम सभागार में मनाया जायेगा। कल्याण बोर्ड के वार्ड प्रभारी पंडित रमेश भार्गव रातोर वाले एवं पंडित सुरेश चंद्र पाराशर ने संयुक्त रूप से बताया कि परशुराम जयंती के अवसर पर सुबह जिले, प्रदेश, देश, और विश्व शांति, हेतु एवं सामाजिक भाई चारे के लिए भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के बाद गीता पाठ परशुराम चालीसा हवन किया जायेगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए शिवपुरी के ब्राह्मण समाज व अन्य सभी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से पंडित प्रभु दयाल चतुर्वेदी महासचिव पंडित राजेंद्र पांडे कोषाध्यक्ष पं. नलिन अवस्थी उपप्रधान पं. राम प्रकाश शर्मा संगठन मंत्री पं. ओमप्रकाश समाधिया पं. कैलाश नारायण मुदगल, द्वारका भटेले बलराम भार्गव आदि उपस्थित थे। बैठक का समापन आपसी सहमति और सहयोग के संकल्प के साथ हुआ। जिसमें सभी ने एकजुट होकर परशुराम जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन पं. विशंभर दयाल दीक्षित ने किया एवं अंत में पंडित हरगोविंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# इंडियन इंस्टी. ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियन ने मनाया विश्व होम्योपैथी दिवस

## मरीज के लिए सुरक्षित है होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति : डॉ. बिंदल



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ होम्योपैथिक फिजिशियन द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस पर होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनिमैन की जयंती का कार्यक्रम वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रमोद विंदल के निवास महल कॉलोनी श्री बृज धाम पर रखा गया जिसमें डॉक्टर हैनीमैन के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं होम्योपैथी के विषय पर संवाद किया गया।

इस अवसर पर शिवपुरी शहर के होम्योपैथिक चिकित्सा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ कार्यक्रम में आईएसपी जिला अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल दंडोतिया ने बताया कि होम्योपैथिक की शुरुआत 1976 में डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन द्वारा जर्मनी में की गई थी विश्व के कई देशों में इसका उपयोग होता है लेकिन भारत अग्रणी है यह एलोपैथिक एवं आयुर्वेद की तरह एक चिकित्सक चिकित्सा सुविधा देती है। इस वर्ष थीम दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी चिकित्सा विज्ञान में तथा रोगियों को ठीक करने के लिए होम्योपैथी विश्व में प्रयोग की जाने वाली दूसरे नंबर की सबसे बड़ी पैथीं है। विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर डॉ प्रमोद बिंदल, डॉक्टर गोपाल दंडोतिया, डॉ राकेश राठौर, डॉ नृपेंद्र रघुवंशी, डॉ वीरेंद्र वर्मा, डॉ रामकुमार गुप्ता आदि चिकित्सक उपस्थित हुए।

### आयुर्वेद की तरह तीन मियाज्म : डॉ. राकेश राठौर

आईआईऐचपी के जिला उपाध्यक्ष डॉ राकेश राठौर ने बताया कि आयुर्वेद की तरह तीन मियाज्म होते हैं आयुर्वेद पद्धति में बीमारी के कारण त्रिदोष बताए गए हैं इसी तरह होम्योपैथी में भी तीन मियाज्म है शोरा, सिफलिस एवं साइकोसिस को बताया गया है जब तक बीमारी की जड़ को ठीक नहीं किया जाता है बीमारी को नहीं हटाया जा सकता है होम्योपैथी में बीमारी को जड़ से ठीक किया जाता है इसलिए इन तीनों मियाज्म के मरीज को चिन्हित कर उचित दवा प्रदान की जाती है.

### दुष्प्रभाव रहित है होम्योपैथिक चिकित्सा : रघुवंशी

आईआई एचपी के जिला सचिव डॉ नृपेंद्र रघुवंशी ने बताया की होम्योपैथिक की चिकित्सा पद्धति में किसी भी तरह के दुष्परिणाम नहीं आते हैं मरीज को इसकी इसमें घबराने की आवश्यकता नहीं है यह भ्रांति है कि यह पहले रोग को बढ़ाती है लेकिन यह गलत है यह सुरक्षित व कारगर चिकित्सा पद्धति है।

## जनगणना 2027: स्व-गणना प्रक्रिया 16 से 30 तक

**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस चरण में स्व-गणना की सुविधा नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई है, जिसके तहत वे अपने भवन एवं आवास से संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना की यह प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होगी। इच्छुक नागरिक पोर्टल पर जाकर 16 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध विकल्प के माध्यम से अपनी जानकारी भर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लगेगा। जानकारी दर्ज करने के उपरांत नागरिकों को एक स्व-गणना पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक द्वारा सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

# ऊंची नालियों से कॉलोनियों का संपर्क टूटा



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 12 अप्रैल।** पोहरी में शिवपुरी से गोरस तक बन रही नवीन सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। सड़क को आधुनिक स्वरूप देने के लिए डिवाइडर के साथ-साथ दोनों ओर नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है।

बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे बनाई जा रही नालियों का स्तर सड़क से करीब दो फीट तक ऊंचा कर दिया गया है। वहीं, कॉलोनियों में आने-जाने के लिए कहीं भी उचित रैंप या रास्ता नहीं छोड़ा गया है। इसके चलते कई कॉलोनियों का मुख्य मार्ग से संपर्क लगभग टूट गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस वजह से रोजमर्रा की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। दोपहिया और चारपहिया वाहन तक कॉलोनियों में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। इतना ही नहीं, ट्रैक्टर और पानी के टैंकर भी अंदर नहीं जा पा रहे, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों की परेशानी और भी बढ़ गई है। कई किसान अपनी फसल मंडी तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं, क्योंकि कॉलोनियों से बाहर निकलने का रास्ता बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में उनकी मूलभूत जरूरतों की अनदेखी की जा रही है।

निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कॉलोनियों के प्रवेश मार्गों पर रैंप बनवाए जाएं, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

**इनका कहना है**

ठेकेदार ने कालोनियों में आने जाने के लिए रैंप नही बनाया है और रहवासी परेशान है तो में दिखवा लेता हूं,

**मोतीलाल अहिरवार,** एसडीएम



## हैदराबाद से शिवपुरी पहुंची विश्व शांति साइकिल यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** अंतर्राष्ट्रीय जानकी सेना संगठन के वरिष्ठ संरक्षक हरिसिंह रावत जो सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद में खेल अधिकारी की सेवा से 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए और 01 अप्रैल से हैदराबाद से विश्वशांति साइकिल यात्रा प्रारंभ की जो शनिवार को शिवपुरी पहुंची, जिसका गुना बायपास पर जानकी सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत और सदस्यों ने फूल वर्षा कर हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित आधा सैकड़ा सदस्य साइकिलों से एवं अन्य वाहनों से साइकिल यात्रा में शामिल हुए।

अभा जानकी सेना संगठन महासचिव नरेशप्रताप सिंह (बॉबीराजा) ने जानकारी देते हुए बताया कि हैदराबाद से निकली विश्वशांति साइकिल यात्रा की आगवानी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत के निर्देशन में की गई जिसमें नगर में प्रवेश करते ही इस साईकिल यात्रा का नगर के व्यवसायियों और समाज सेवियों ने हरिसिंह का फूल माला एवं आतिशी स्वागत अभिनंदन किया। यात्रा नगर से होते हुए हरिसिंह के कृषि फार्म सिंहनिवास पर पहुंची जहां साइकिल यात्रा के विराम पर विश्वशांति हेतु 686वां विशाल सामूहिक सुंदरकांड आयोजन किया। साइकिल यात्रा के साथ जानकी सैनिकों ने भी साइकिलिंग की जिसमें सैंकड़ों संगठन सदस्य शामिल हुए। सेवानिवृत्ति पर साइकिल से अपने गांव पहुंचे हरिसिंह का ग्राम वासियों ने विशाल अभिनंदन समारोह रखा गया जहां अनेक सामाजिक हस्तियों ने शामिल होकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस ऐतिहासिक यात्रा ने संगठन की साइकिलिंग अभियान की दिशा को मजबूती प्रदान की है संगठन वर्ष 2022 से निरंतर साइकिल अभियान चला रहा है। यात्रा के समापन एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, यशपाल रावत, धर्मवीर सिंह रावत, जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर सिंह, पं. अजय शंकर भार्गव, निरीक्षक ब्रजमोहन रावत, वासुदेव रावत, पं. देव पाराशर, भूपेंद्र रावत आदि लोग मंचासीन रहे।

# नरवर वन क्षेत्र में अवैध कटाई : बीट गार्ड पर आरोप

## वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर भी उठे सवाल




**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 12 अप्रैल।** नरवर वन क्षेत्र की बीट नरवर में एक बार फिर अवैध कटाई का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बीट गार्ड की कथित मिलीभगत से जंगल के हरे-भरे पेड़ों की लगातार कटाई की जा रही है। ताजा घटनाक्रम में करीब 15 से 20 वृक्षों को काटे जाने की बात सामने आई है, जिनके अवशेष आज भी मौके पर पड़े देखे जा सकते हैं।

बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना सामने आई हो। इससे पहले भी 3 से 4 बार जंगल की कटाई के मामले उजागर हो चुके हैं। इन मामलों को लेकर कई बार खबरें प्रकाशित की गईं और वरिष्ठ वन अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक कोई ठोस या सख्त कार्रवाई नहीं की गई।

अब इस पूरे मामले में सिर्फ बीट गार्ड ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती, तो बार-बार इस तरह जंगल की कटाई नहीं होती। लगातार शिकायतों और खबरों के बावजूद कार्रवाई न होना कहीं न कहीं वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यप्रणाली और उनकी संभावित संलिप्तता या लापरवाही की ओर इशारा करता है। क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि बीट गार्ड कपिल पर विभागीय मेहरबानी बनी हुई है, जिसके चलते वे बिना किसी डर के इस तरह की गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब निचले स्तर के कर्मचारी पर बार-बार आरोप लग रहे हैं और सबूत भी सामने आ रहे हैं, तो फिर उच्च अधिकारी चुप क्यों हैं?

वर्तमान में नरवर बीट के कई हिस्सों में कटे हुए पेड़ साफ नजर आ रहे हैं और कुछ स्थानों पर कटाई का सिलसिला जारी होने की भी आशंका जताई जा रही है। ऐसे में यह सवाल और भी गंभीर हो जाता है कि आखिर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तक कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए हैं। अब देखना यह होगा कि इस बार विभाग जागता है या फिर पहले की तरह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। स्थानीय जनता ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि जंगलों की हो रही इस लगातार बर्बादी को रोका जा सके। इस विषय में वरिष्ठ अधिकारी वन विभाग सतनबाड़ा रेंजर जिज्ञासु अग्रवाल से प्रतिक्रिया लेना चाही तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

## आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** उपकेन्द्र 33/11 के.व्ही. बाणगंगा से निकलने वाले आवश्यक 11 के.व्ही. सैलिंग क्लब फीडर पर मेंटीनेंस का कार्य किये जाने के कारण 13 अप्रैल को उक्त फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बन्द रहेगा। उक्त 11 के.व्ही.सैलिंग क्लब फीडर के बंद रहने से सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक वन विद्यालय कैम्पस, सैलिंग क्लब, भदैयाकुण्ड एवं आसपास क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# मानसिक शांति के लिए विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** जिले में मानसिक शांति और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज रविवार को जिला आनंद संस्थान एवं जिला विपश्यना समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर एवं आनापान सती ध्यान परिचय सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय गर्ल्स स्कूल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ब्रह्लेंद्र गुप्ता के निर्देशन में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए आयोजित हुआ। शिविर में धमथली केंद्र जयपुर की सहायक आचार्य सुरभि जैन ने प्रतिभागियों को विपश्यना एवं आनापान ध्यान की विधियों और विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी दी। आनंद विभाग के सहायक नोडल अधिकारी अभय कुमार जैन ने बताया कि यह ध्यान पद्धति मन और मस्तिष्क को सक्रिय एवं संतुलित बनाकर जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती है।

कार्यक्रम के दौरान विपश्यना के प्रमुख आचार्य सत्यनारायण गोयनका के ऑडियो माध्यम से दो सत्रों में ध्यान कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शुद्ध और स्वाभाविक श्वास पर ध्यान केंद्रित कर मानसिक सजगता और शांति का अनुभव किया। इस अभ्यास से उपस्थित लोगों ने स्वयं को अधिक सहज, सरल और सशक्त महसूस किया। जिले में समय-समय पर विभिन्न विभागों में आनापान ध्यान के एक घंटे के परिचय सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, देशभर में 10 दिवसीय आवासीय विपश्यना शिविर नि:शुल्क आयोजित किए जाते हैं, जिनमें निकटवर्ती गुना में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आनंदम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर विपश्यना के वरिष्ठ साधक कुंभकार, यादराम वर्मा (सेवानिवृत्त तहसीलदार), आनंदम सहयोगी विशाल चौरसिया, वॉलिंटियर नीरजा वर्मा एवं विनोद शंकर वर्मा सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन के गुप्ता सचिव नियुक्त



**शिवपुरी, 12 अप्रैल।** राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन नई दिल्ली अध्यक्ष एम.एल शर्मा राष्ट्रय द्वारा सी.पी. जोशी, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानव, अधिकार सेवा संगठन की अनुशंसा ओर चन्द्रेश धाकड, अध्यक्ष, जिला शिवपुरी के अनुरोध पर कृष्णा गुप्ता लेब टेक्नीशियन, को सचिव जिला शिवपुरी के पद नियुक्त किया गया। श्री शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त सचिव को निर्देशित किया गया कि जनहित में नियमानुसार लग्न, मेहनत, ईमानदारी, से सेवा करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और शुभकामनाएं दी।

प्रदेशाध्यक्ष श्री जोशी ने बताया कि नवनियुक्त सचिव कृष्णा गुप्ता युवा है वे मेहनत और लग्न से कार्य को करेंगे। इस अवसर पर बधाई देने वालों में पंडित हरि बल्लभ भार्गव प्रदेश प्रमुख सचिव, उज्जैन, प्रोमोद अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष भोपाल, उमेश श्रीवास्तव संभागीय अध्यक्ष रीवा, प्रदीप कुमार काबरा, संभागीय अध्यक्ष इंदौर, धर्मेंद्र जोशी संभागीय अध्यक्ष, ग्वालियर, श्रवण कुमार सोनार, जिलाध्यक्ष भोपाल, श्रीमती ब्रह्मविद्या नामदेव, जिला अध्यक्ष सागर, पंकज सहित परिवारजन, मित्रगण, और सहकर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।